सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 152 | इंदौर, मंगलवार 17 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# अगर भिखारी को पैसे दिए तो हो जाएगी जेल

## एक जनवरी से इंदौर शहर का नया कानून



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 1 जनवरी से भिखारियों को पैसे देने वालों पर FIR दर्ज होगी। केंद्र सरकार के पायलट प्रोजेक्ट के तहत इंदौर को भिखारी मुक्त बनाने की कोशिश हो रही है। जिला प्रशासन ने भिक्षावृत्ति पर पहले ही रोक लगा दी है। यह अभियान 10 शहरों में चलाया जा रहा है। प्रशासन ने कुछ चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं। एक संगठन भिखारियों को छह महीने तक आश्रय और काम दिलाने में मदद करेगा।**

इंदौर, जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर कहा जाता है, अब भिखारी-मुक्त बनने की राह पर है। इसके लिए प्रशासन ने एक सख्त कदम उठाया है। 1 जनवरी से, जो भी व्यक्ति भिखारियों को पैसे देगा, उसके खिलाफ FIR दर्ज की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि प्रशासन ने पहले ही इंदौर में भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति के खिलाफ हमारा जागरूकता अभियान इस महीने के अंत तक जारी रहेगा। एक जनवरी से अगर कोई भी व्यक्ति भीख मांगते पाया गया तो उसके खिलाफ भी FIR दर्ज की जाएगी। उन्होंने इंदौर के सभी निवासियों से अपील की कि वे भिखारियों को पैसे देकर इस पाप के भागीदार न बनें। एक बार हमने एक भिखारी के पास 29,000 रुपए पाए। एक और भिखारी पैसे उधार देता था और ब्याज लेता था। एक गिरोह बच्चों के साथ राजस्थान से यहां भीख मांगने आया था। उन्हें एक होटल से बचाया गया जहां वे रुके हुए थे।

### देश के 10 शहर पायलट प्रोजेक्ट में शामिल

इस प्रोजेक्ट में 10 शहर शामिल हैं: दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, इंदौर, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पटना और अहमदाबाद। भिक्षावृत्ति विरोधी अभियान के दौरान, इंदौर प्रशासन ने कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए। प्रोजेक्ट अधिकारी दिनेश मिश्रा ने कहा कि जब हम रिपोर्ट तैयार करते हैं, तो हम पाते हैं कि कुछ भिखारियों के पास पक्का मकान है। साथ ही कुछ के बच्चे बैंक में काम करते हैं।

## भिखारियों को काम दिलाने में मदद- मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा

मध्यप्रदेश के सामाजिक कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि इंदौर का एक संगठन सरकार के इस प्रयास में मदद के लिए आगे आया है। यह संगठन उन्हें छह महीने तक आश्रय प्रदान करेगा और उनके लिए काम खोजने की कोशिश करेगा। हम लोगों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह एक सराहनीय पहल है जो इंदौर को वास्तव में भिखारी-मुक्त शहर बनाने में मदद कर सकती है। लेकिन इस योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि लोग प्रशासन का कितना सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर लोग भिखारियों को पैसे देना बंद नहीं करेंगे, तो यह योजना पूरी तरह से सफल नहीं हो पाएगी। साथ ही, यह सुनना भी ज़रूरी है कि जिन लोगों को बचाया जा रहा है, उनके पुनर्वास की व्यवस्था ठीक से हो। उन्हें रोजगार के अवसर और रहने की उचित सुविधा मिलनी चाहिए।

## बाइक पर बैठे-बैठे आया हार्टअटैक, 42 साल के शख्स की हो गई मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल. मध्य प्रदेश के बैतूल जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक शख्स को बाइक पर बैठे-बैठे हार्ट अटैक आ गया और उसकी मौत हो गई. यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. मृतक की पहचान 42 वर्षीय उदय सिंह राजपूत के तौर पर हुई है, जो मलेरिया विभाग में सुपरविजन फील्ड वर्कर के रूप में कार्यरत था. सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि उदय सिंह अपनी बाइक के पास खड़े थे. तभी वो बेसुध होकर नीचे गिर गए.**

थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया ने बताया कि रात करीब 9 बजे कोठीबाजार के मोती वार्ड स्थित ग्राउंड से सूचना मिली कि एक शख्स बाइक से अचेत अवस्था में गिर पड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने उनकी जेब में रखे मोबाइल पर कॉल आते देखा. फोन रिसीव करने पर उनकी पत्नी ने उनकी पहचान उदय सिंह राजपूत के रूप में की.

परिजन मौके पर पहुंचे और पीड़ित को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. शुक्रवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया. प्रारंभिक रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया. इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### मृतक मलेरिया विभाग में कार्यरत था

जानकारी के मुताबिक, उदय सिंह मलेरिया विभाग में सुपरविजन फील्ड वर्कर के पद पर कार्यरत थे. उनका एक बेटा है और उनके पिता स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं. इस घटना से परिवार और विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है. यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है. हार्ट अटैक जैसी आकस्मिक घटनाओं को लेकर लोगों में चिंता और डर बढ़ा दिया है.

## इंदौर को नई रफ्तार देंगे एनआरआई, निवेश के साथ सामाजिक सुधारों पर भी करेंगे मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में NRI फोरम की वार्षिक मीट का तीसरा संस्करण शुरू हुआ। इंदौरी NRI समिट के कार्यक्रम में 28 देशों से 150 अप्रवासी भारतीय पहुंचे। समिट 0.3 का उद्घाटन उद्योगपति विमल तोड़ी, महापौर प्रतिनिधि भारत पारख ने ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि उद्योगपति विमल तोड़ी ने कहा इंदौर निवेश के लिए श्रेष्ठ स्थान है। हमने भी बाहर से आकर इंदौर में उद्योग लगाया। इंदौर में निवेश से लाभ के साथ आत्मीयता भी मिलती है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव इस आयोजन में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने संदेश भेजा और कहा कि एनआरआई फोरम केवल एक वार्षिक मीट नहीं है, बल्कि यह इंदौर और इसके वैश्विक परिवार के बीच एक मजबूत संबंध का उत्सव है। यह मंच एनआरआई को उनके शहर के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। यह समिट प्रगति, एकता और संस्कृति का प्रतीक बनेगी और दुनिया भर के इंदौरवासियों को अपने प्रिय शहर से जोड़ने का काम करेगी।

◆ जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन

# नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और शासकीय सुविधाओं का लाभ देने के लिए लगाए गए 48 शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और शासकीय सुविधाओं का लाभ देने के लिए 48 शिविर लगाये गए। इन शिविरों में साढ़े तीन सौ से अधिक नागरिकों के आवेदन स्वीकृत किये गए। शिविर में प्राप्त 439 आवेदनों के निराकरण कि प्रक्रिया जारी है। यह अभियान जिले में 26 जनवरी तक चलेगा।**



यह जानकारी यहां कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा ली गई बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बेनल तथा श्रीमती ज्योति शर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के क्रियान्वयन के साथ ही सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में 11 दिसम्बर से जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में तथा शहरों में वार्डवार शिविर निर्धारित तिथियों में लगाये जा रहे हैं। अभी तक जिले में 48 शिविर आयोजित किये जा चुके है। शिविरों में कुल 782 आवेदन प्राप्त हुए है, इनमें से 337 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। 6 आवेदन निरस्त किये गए है। शेष 439 आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। बताया गया कि जनकल्याण अभियान में आमजन से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं का लाभ नागरिकों तक सीधा पहुँचाया जा रहा है। साथ ही 45 हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत भी नागरिकों के प्रकरण तैयार किये जा रहे है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य शासन का अतिमहत्वपूर्ण अभियान है, इस अभियान को पूर्ण गंभीरता से लिया जाए। अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान का लाभ देंवे। अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाये। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को भी समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर लगाकर 50 दिन से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों को निराकृत किया जाए। बैठक में उन्होंने आईएसबीटी की प्रगति की भी समीक्षा की। बताया गया कि आईएसबीटी का कार्य इसी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बसों के संचालन के संबंध में प्लान शीघ्र तैयार कर लें। उन्होंने रोप-वे के संबंध में भी चल रही कार्यवाही की जानकारी ली।

आवासहीनों के लिए जिला प्रशासन की अभिनव पहल

# आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के नागरिकों के लिए प्लॉट/फ्लेट खरीदने का सुनहरा अवसर

## लालबाग में 21-22 दिसम्बर को आवास मेला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा आवासहीनों के लिए अभिनव पहल की जा रही है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के नागरिकों को प्लॉट/फ्लेट खरीदने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए 21 और 22 दिसम्बर को लालबाग में विशाल आवास मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित की जा रही लगभग 150 कॉलोनियों में EWS-LIG के लिये आरक्षित 5 हजार से अधिक भूखण्डों व फ्लेटों का विक्रय किया जाएगा।

संयुक्त कलेक्टर श्री प्रदीप सोनी ने बताया कि इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित की जा रही कॉलोनियों में उपलब्ध EWS-LIG के लिये आरक्षित भू खण्डों व फ्लेटों का विक्रय इस मेले में किया जाएगा। यह मेला जिला प्रशासन द्वारा लालबाग परिसर इंदौर में 21 व 22 दिसम्बर 2024 को लगाया जाएगा। मेला सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। मेले में पात्र हितग्राहियों को भू खण्डों/फ्लेटों की आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मेले का लाभ लेने के लिए आवेदक/पात्र हितग्राही आवेदन कर सकते हैं। आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना जरूरी है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रुपये तक होना भी आवश्यक है। कमजोर आय वर्ग (EWS) हेतु आय सीमा तीन लाख रुपये तक होना चाहिए। निम्न आय समूह (LIG) हेतु आय सीमा 3 लाख से 6 लाख रुपये तक होना जरूरी है। आवेदक के नाम से अथवा परिवार के नाम से मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी भवन या भू खण्ड नहीं होना चाहिए।

# रणजीत हनुमान मंदिर में प्रभातफेरी की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में प्रभातफेरी की तैयारियां शुरू हो चुकी है। मंदिर को सजाने से लेकर अन्य व्यवस्थाओं का काम शुरू हो गया है। मंदिर के बाहर चौराहे पर आकर्षक लाइटिंग का नजारा देखने को मिल रहा है। वहीं प्रभातफेरी में शामिल होने वाला नासिक का ढोल के कलाकार भी रोजाना शाम को मंदिर में प्रैक्टिस कर रहे है।



यह मंदिर से निकलने वाली सबसे बड़ी प्रभातफेरी है। इसमें पिछले साल करीब 5 लाख भक्त कड़ाके की ठंड में शामिल हुए थे। प्रभातफेरी को लेकर प्रचार-प्रसार भी शुरू हो गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास ने बताया चार दिन के मुख्य आयोजन यहां होंगे। 20 दिसंबर को कलेक्टर मंदिर में ध्वजा पूजन करेंगे। इसमें बैंड के साथ 21 शंख वादक रहेंगे। ध्वजा पूजन के दौरान पुष्पवर्षा की जाएगी। यात्रा में निकलने वाली सभी ध्वजाओं का पूजन भी इस दौरान किया जाएगा। 21 दिसंबर को यहां दीपोत्सव मनाया जाएगा। 51 हजार दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर रोशन होगा। भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसंबर को सवा लाख रक्षासूत्रों को सिद्ध किया जाएगा। बाबा के विग्रह का अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद 23 दिसंबर की रात को रणजीत हनुमान जी का श्रृंगार किया जाएगा। फूल बंगला सजेगा। सुबह 5 बजे बाबा की प्रभातफेरी निकाली जाएगी।

## जिला प्रभारी बने अनूप शुक्ला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री परशुराम सेना मध्यप्रदेश के अध्यक्ष पं. अनूप शुक्ला को मध्यप्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने यह नियुक्ति दी। इस पर समाजजन ने राजोरिया का आभार माना है।शुक्ला के नेतृत्व में जिले में भी परशुराम कल्याण बोर्ड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। इस नियुक्ति पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पं. बृजेश शुक्ला, पं. रामचंद्र दुबे, पं. अनमोल तिवारी, पं. दिलीप शर्मा (पूर्व पार्षद), श्री परशुराम सेना इंदौर महानगर के अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. विजेंद्र दीक्षित, कोषाध्यक्ष पं. मोनेश जोशी, महासचिव पं. राजेश दुबे, संस्थापक सदस्यों पं. अनिल तिवारी, विनोद द्विवेदी, गौतम तिवारी, प्रेम बागोरा, अजय तिवारी, प्रकाश वाजपेयी आदि ने जिले में उत्कृष्ट कार्य की उम्मीद जताई है।

# विजय दिवस के मौके पर पुलिस बैंड ने प्रस्तुति दी

## गीतों और धुनों पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व और विजय दिवस के मौके पर इंदौर में पुलिस बैंड ने प्रस्तुति दी। शहर के हृदय स्थल ये राजवाड़ा पर ये प्रस्तुतियां हुई। जिसने भी पुलिस के बैंड को सुना वह मंत्रमुग्ध हो गया। पुलिस के बैंड से एक से बढ़कर एक राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुति दी।**

सीएम डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को इस पर्व और विजय दिवस के मौके पर पुलिस बैंड ने राजवाड़ा पर पुलिस बैंड की प्रस्तुति दी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व और विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रगीतों और देशभक्ति से ओतप्रोत पुलिस बैंड की प्रस्तुति सभी जिला मुख्यालयों में दी जा रही है। इंदौर में राजबाड़ा पर प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रगीतों की धुनों को बजाया गया। इसका उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति की भावना से सभी को ओतप्रोत करना है। पुलिस बैंड की प्रस्तुति 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इसमें देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं गीत और देशभक्ति की धुनों पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। वे अपने मोबाइल में इस गीतों और धुनों को कैद करते नजर आए।

# किरायेदार से तंग बुजुर्ग को मिला न्याय

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए किरायेदार से परेशान एक बुजुर्ग को त्वरित न्याय दिलाया। बुजुर्ग को किरायेदार से मकान खाली कराकर बुजुर्ग मकान मालिक को आधिपत्य सौंपा। एसडीएम राऊ श्री विनोद राठौर ने बताया कि श्री ओमप्रकाश पिता तुलसीराम भाटी निवासी 114-बी राजेन्द्र नगर मेन रोड़ इंदौर द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत प्रकरण दर्ज कराया था। इस बुजुर्ग ने बताया कि उसने अपना मकान एफ 13 श्रमिक कालोनी ए.बी. रोड़ राऊ इंदौर श्री अनिरूद्ध पिता पुरूषोत्तम रिछारिया निवासी 80 शिवसिटी सिल्वर निहालपुर मुण्डी इंदौर को ए.एन.एस. हास्पिटल संचालन हेतु किराये पर दिया था। किरायेदार द्वारा अनुबंध समाप्त होने पर भी किरायेदारी वाले स्थान का रिक्त आधिपत्य व बकाया राशि 39 लाख 76 हजार 250 रुपये भी अदा नहीं की जा रही थी। आवेदन को तुरंत संज्ञान में लेकर एसडीएम राऊ श्री विनोद राठौर द्वारा सुनवाई प्रारंभ की गई।

# मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात के 4 आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देहात पुलिस को मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात में बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के मोबाइल और एलईडी सहित 15 लाख का माल बरामद किया है। आरोपियों का दिल्ली और नेपाल से भी तार जुड़े हैं।**

ग्रामीण एसपी हितीका वासल ने बताया कि, 5 दिसंबर को सांवेर थाना क्षेत्र में मोबाइल दुकान में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। यहां चोरों ने दुकान से 115 मोबाइल फोन और 4 एलईडी चोरी कर लिए थे। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस को काफी मेहनत करना पड़ी। इसमें 300 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तब जाकर इसमें सुराग हाथ लगा। पता चला कि वारदात के पहले ऑटो से आए बदमाशों ने दुकान की रैकी की थी। इस पर टीम ने संदिग्धों को उठाया और पूछताछ की तो वारदात का खुलासा हो सका। इसमें दो आरोपी चंदन नगर, एक आरोपी सांवेर का और अन्य आरोपी बनारस के रहने वाले हैं। इसमें कुल 6 आरोपी हैं, जिसमें 4 को गिरफ्तार किया गया है। दो की तलाश जारी है। सांवेर के आरोपी को पीआर



पर लेकर पूछताछ की, उसे बनारस लेकर पहुंचे, जहां से 92 मोबाइल फोन और 4 एलईडी बरामद किए गए। जिसकी कीमत 15 लाख रुपए है। पकड़ाए आरोपियों में नौशाद पिता शाकुर शाह निवासी सांवेर, शहजाद पिता रमजान निवासी चंदन नगर, गब्बर उर्फ अब्दुल निवासी चंदन नगर, शगीर पिता हाजी मोहम्मद निवासी बनारस है। जबकि दो आरोपी इस्तियाफ पिता यूसुफ खान निवासी बनारस और टीपू उर्फ साकिब निवासी बनारस की तलाश की जा रही है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी टीम बनाकर अलग-अलग जगह जाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। इसमें आरोपी बनारस से सांवेर आकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग निकले थे। पिछले 10 दिनों से टीम इस काम में लगी थी। चोरी किए गए मोबाइल फोन, उसके पाट्‌र्स को बदमाश बेच दिया करते थे। दिल्ली और नेपाल में इनके द्वारा मोबाइल फोन, पाट्‌र्स बेचना पता चला है। इधर, सामने आया है कि बदमाशों के पुराने चोरी के रिकॉर्ड है। इसमें सांवेर का आरोपी भी एक मामले में बनारस जेल में बंद रह चुका था। वहीं इसकी मुलाकात अन्य आरोपियों से हुई थी। संभावना है कि यहीं पर उन्होंने इस वारदात की साजिश रची होगी। पुलिस इस मामले में पूछताछ कर और भी जानकारी निकाल रही है।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# लाखों की अवैध सामग्री जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा पिछले दिनों जिले के विभिन्न वृत्तों में बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न होटलों, ढाबों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर अवैध शराब और भांग की बिक्री पर शिकंजा कसते हुए लाखों की अवैध सामग्री जब्त की गई।**

सहायक आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि आबकारी कंट्रोलर आर. एच. पचौरी के नेतृत्व में आबकारी विभाग ने 13 से 15 दिसंबर तक अभियान के तहत आबकारी विभाग ने टेस्ट ऑफ पंजाब ढाबा, मांगलिया, मानपुर, जामली, शांति नगर, तेजाजी नगर, पालाखेड़ी, शंकरपुरा, बेटमा, धरावरा, देवास नाका, निरंजनपुर, बाणगंगा, एम आर-10, पत्थरनाला, तलाईनाका, स्कीम नंबर 54, और लसूडिया जैसे क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 81 स्थानों पर छापेमारी करते हुए 103 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान विभाग ने 19.88 बल्क लीटर देशी शराब, 14.17 बल्क लीटर विदेशी शराब स्प्रिट, 24.5 बल्क लीटर विदेशी बियर, 0.9 किलोग्राम भांग और 1160 किग्रा महुआ लहान जब्त किया गया। जब्त की गई अवैध सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 88 हजार 581 रुपये है। आबकारी विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध शराब और नशीले पदार्थों से संबंधित किसी भी सूचना को विभाग के साथ साझा करें, ताकि तुरंत कार्रवाई की जा सके। जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, कब्जे और परिवहन के विरुद्ध विभाग की ओर से आगे भी इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी।

# पत्नी ने पति पर किया रेप और दहेज का केस, हाईकोर्ट ने कर दिया खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पत्नी की प्रताड़ना से परेशान बेंगलुरू के एआई इंजीनियर के सुसाइड की चर्चा के बीच मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने बड़ा बयान दिया है। एक महिला द्वारा अपने पति और उसके रिश्तेदारों पर लगाए गए दहेज प्रताड़ना और बलात्कार के आरोपों को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की पीठ ने एफआईआर को रद्द करते हुए इसे कानून का दुरुपयोग बताया। महिला ने पति द्वारा तलाक की अर्जी दायर करने के बाद एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसे अदालत ने बदले की भावना से की गई कार्रवाई माना। पुलिस जांच और मेडिकल रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि नहीं हुई।**

मामले की शुरुआत पति द्वारा तलाक की अर्जी दायर करने से हुई। इसके बाद पत्नी ने पति और उसके परिवार वालों पर दहेज उत्पीड़न और बलात्कार का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। हाई कोर्ट ने पाया कि एफआईआर दर्ज कराने में चार महीने की देरी हुई, जो संदेहास्पद है। अदालत ने कहा कि पति-पत्नी का प्रेम विवाह हुआ था, इसलिए दहेज की मांग का आरोप विश्वसनीय नहीं लगता। अदालत ने पुलिस जांच और मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि आरोपों को साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं मिले। दहेज, अप्राकृतिक यौन संबंध और निजी वीडियो वायरल करने की धमकी जैसे गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला। जस्टिस अभ्यंकर ने कहा कि 'ऐसी याचिका कानून का दुरुपयोग है।' अदालत ने स्पष्ट किया कि कानून का इस्तेमाल निजी दुश्मनी निकालने के लिए नहीं किया जा सकता। इस मामले में पत्नी द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार साबित हुए। इसलिए हाई कोर्ट ने एफआईआर रद्द कर दी।

# किरायेदार से तंग बुजुर्ग को मिला न्याय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए किरायेदार से परेशान एक बुजुर्ग को त्वरित न्याय दिलाया। बुजुर्ग को किरायेदार से मकान खाली कराकर बुजुर्ग मकान मालिक को आधिपत्य सौंपा। एसडीएम राऊ श्री विनोद राठौर ने बताया कि श्री ओमप्रकाश पिता तुलसीराम भाटी निवासी 114-बी राजेन्द्र नगर मेन रोड़ इंदौर द्वारा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिको के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत प्रकरण दर्ज कराया था। इस बुजुर्ग ने बताया कि उसने अपना मकान एफ 13 श्रमिक कालोनी ए.बी. रोड़ राऊ इंदौर श्री अनिरूद्ध पिता पुरूषोत्तम रिछारिया निवासी 80 शिवसिटी सिल्वर निहालपुर मुण्डी इंदौर को ए.एन.एस. हास्पिटल संचालन हेतु किराये पर दिया था। किरायेदार द्वारा अनुबंध समाप्त होने पर भी किरायेदारी वाले स्थान का रिक्त आधिपत्य व बकाया राशि 39 लाख 76 हजार 250 रुपये भी अदा नहीं की जा रही थी। आवेदन को तुरंत संज्ञान में लेकर एसडीएम राऊ श्री विनोद राठौर द्वारा सुनवाई प्रारंभ की गई। आवेदक एवं अनावेदक को समक्ष में सुना गया। सुनवाई उपरांत अनावेदक द्वारा किरायेदारी वाले स्थान जिस पर ए.एन.एस. हास्पिटल संचालित था जिसे बंद करवाकर मकान रिक्त कराकर आवेदक को कब्जा दिलवाया गया। बकाया राशि भी समायोजित कार्रवाई गई।

# वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 2 नंबर विधानसभा से विधायक रमेश मेंदोला ने वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की है। दरअसल, संसद में राहुल गांधी ने वीर सावरकर को लेकर भाजपा को घेरने की कोशिश की थी। जिसके बाद विधायक रमेश मेंदोला ने इंदिरा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का हवाला देकर वीर सावरकर को भारत रत्न से अलंकृत करने की मांग कर दी। मेंदोला ने इस मामले में पीएम मोदी को पत्र लिखने के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया है।



पीएम मोदी को लिखे पत्र में मेंदोला ने भारत रत्न देने की मांग करते हुए लिखा है कि स्वतंत्रता के लिए सावरकर के अथक संघर्ष और उनके विराट व्यक्तित्व का सम्मान करते हुए लोकसभा में वर्तमान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की दादी इंदिरा फिरोज गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में 1970 में वीर सावरकर पर एक डाक टिकट निकाला था। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 1983 में वीर सावरकर जी की जीवनी पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाई थी, ताकि देश के युवा उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ले सकें। वहीं वीर सावरकर के स्मारक के लिए आर्थिक सहायता देते हुए लिखे पत्र में श्रीमती इंदिरा फिरोज गांधी ने उन्हें भारत का महान सपूत बताया था। यहीं नहीं लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा वीर सावरकर की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पेंशन भी स्वीकृत की गई थी। इन बातों को देखते हुए मेरी मांग है कि सावरकर जी को भारत रत्न से अलंकृत किया जाना चाहिए।

# समलैंगिक ने रात बिताने के बाद साथ रहने से किया इनकार, गुस्साए पार्टनर ने मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में एक समलैंगिक ने रात अपने साथी के साथ बिताई। सुबह जब अलग हो रहे थे तो उसके साथी ने शादी की बात कही। इनकार करने पर साथी ने जानलेवा हमला कर दिया। मामला शनिवार रात और रविवार का है। दोनों कुछ महीने पहले ही मिले थे। आरोपित खुद को पीड़ित की पत्नी बता रहा था, पुलिस को फोन में लेडीज ड्रेस में फोटो भी मिले हैं। जूनी इंदौर टीआई ने बताया कि आरोपित श्रवण उर्फ आचार्य छनेरा हरसूद का रहने वाला है। करीब दो महीने पूर्व उसकी रुंदी के रहने वाले राज से खंडवा में एक शादी समारोह में मुलाकात हुई थी। श्रवण खुद को डांसर बताता है। आरोप है कि शनिवार रात श्रवण, राज के रूम पर मिलने आया था और सुबह साथ रहने की जिद करने लगा। श्रवण ने कहा कि वह शादी करना चाहता है, उसे पति के समान मानता है। वह उसे छोड़कर न जाए। मगर राज ने इससे इनकार कर दिया। इस बात से गुस्साए श्रवण ने राज के पेट में चाकू घोंप दिया। टीआई अनिल गुप्ता के मुताबिक पुलिस ने श्रवण को जानलेवा हमले के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# पति-पत्नी को सोते हुए देख रहा था बुआ का बेटा

## गाली देकर भगाया तो बदला लेने कर दी दो भाइयों की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** मामा के बेटे को उसकी पत्नी के साथ सोते हुए बुआ का बेटा देख रहा था, इस पर मामा के बेटे ने अपने से उम्र में बड़े बुआ के बेटे को गाली देकर डांट लगा दी और उसे भगा दिया। इस बात को सात दिन गुजर गए। लेकिन अपने से छोटे ममेरे भाई की डांट बुआ के बेटे को इतनी ज्यादा चुभी की उसने बदला लेने अपने तीन अन्य सगे भाइयों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। वहीं बचाने आए एक अन्य ममेरे भाई को भी मौत के घाट उतार दिया। जबकि तीसरा भागकर अपनी जान बचा पाया। गुना जिले के फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम खोरी में प्रताप बारेला, उसके भाई बबलू और अनिल पर बीती शाम ग्राम पतली मार गांव निवासी उनकी बुआ के लड़कों सुरभ सिंह, प्रहलाद, ब्यार और गंगा सिंह ने फरसे, लुहांगी और अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसमें बबलू और प्रताप की मौके पर मौत हो गई। भागकर अपनी जान बचाने वाले अनिल ने बताया हम तीनों भाई ट्यूबवैल की मोटर निकाल रहे थे। इसी दौरान चारों आरोपित ट्रैक्टर के पीछे से आ धमके, जो बबलू को मारने आए, क्योंकि आरोपित सुरभ को बबलू ने ही डांट लगाकर गाली दी थी। इसी बीच प्रताप ने बचाना चाह तो उस पर भी हमला किया। इस हमले में मौके पर ही दोनों की जान चली गई। मैं भागकर जान बचा पाया।

## CM 21 दिसंबर को रतलाम आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** सीएम डॉ. मोहन मोहन यादव 21 दिसंबर को रतलाम आएंगे। वे यहां क्रीड़ा भारती एवं चैतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित 25वां खेल चेतना मेला के रजत जयंती कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल होंगे। सीएम के संभावित दौरे को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। सुबह अधिकारियों ने बंजली हवाई पट्टी पहुंच कर व्यवस्था देखी। दोपहर बाद कलेक्टर राजेश बाथम, एसपी अमित कुमार ने कार्यक्रम स्थल नेहरू स्टेडियम का जायजा लिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, क्रीड़ा भारती सचिव अनुज शर्मा अन्य मौजूद रहे। 25वां खेल चेतना मेला की तैयारियां शुरू हो चुकी है। तीन दिवसीय खेल चेतना मेले का शुभारंभ 21 दिसंबर को सीएम डॉ. यादव करेंगे।

## कार की टक्कर से तीन की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल के बैरसिया इलाके में सिरोंज रोड पर सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों एक बाइक पर सवार थे। शादी में शामिल होने के लिए निकले थे। सामने से आ रही KUV कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी थी। एक्सीडेंट के बाद कार भी पलट गई थी। चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे में दो युवकों की रविवार रात में ही मौत हो गई। एक ने इलाज के दौरान सोमवार की सुबह दम तोड़ दिया। तीनों की बॉडी हमीदिया हॉस्पिटल में पीएम के बाद सोमवार दोपहर को परिजनों को सौंप दी गई हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। नीरज पिता कल्याण सिंह केवट (16) शुभम कुशवाह पिता प्रेम सिंह कुशवाह (18) और मिथलेश कुशवाह (21) तीनों ग्राम सागोनी गुनगा के रहने वाले थे। नीरज और शुभम गांव के स्कूल में एक साथ नौवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे। मिथलेश मजदूरी करता था। नीरज के मौसेरे भाई की शादी शमशाबाद में रविवार को थी, जिसमें शामिल होने के लिए नीरज दोनों दोस्तों को लेकर रविवार की शाम को गांव से निकला था।

## खुदगर्जो की पार्टी बन गई कांग्रेस-खान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बैतूल में कांग्रेस के सांसद रहे असलम शेर खान ने प्रदेश में कांग्रेस की दुर्दशा के लिए कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और सुरेश पचौरी जैसे नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। अब उन्होंने यहां मतदाताओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए इंडियन वोट्स क्लब जैसा संगठन बनाकर मतदाताओं से सीधे जुड़ाव की रणनीति तैयार करते हुए इस पर काम करने की बात कही है। बैतूल में एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सामंती और पूंजीपतियों वाला दौर खत्म हो गया है। 2023 और 2024 में साफ हो गया कि मध्यप्रदेश में सामंती, पूंजीपतियों का नहीं अब गरीबों का दौर आयेगा।

◆ हाईकोर्ट की सरकार को 7 दिन की आखिरी मोहलत:पूछा-

# मप्र के किस थाने में मंदिर कब बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के थानों में बने या बन रहे मंदिरों पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए 7 दिन की आखिरी मोहलत दी है। 19 नवंबर और इसके पहले 4 नवंबर को भी हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा था।

सोमवार (16 दिसंबर) को जबलपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा, 'जल्द से जल्द राज्य सरकार पूरे प्रदेश के थानों के अंदर बने मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों की पूरी सूची पेश करे।' हाईकोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है कि प्रदेश के किस थाने में कब मंदिर बनाए गए



और मंदिर बनाने के लिए आखिर किसने आदेश दिए थे?' याचिका जबलपुर के ओपी यादव ने दायर की है। एक महीने पहले भी इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने थानों में बन रहे मंदिरों पर रोक लगाई थी। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि आखिरकार कैसे सरकारी जमीन पर मंदिर बन रहे हैं?' मामले पर सरकार ने अपनी शुरुआती आपत्तियां भी बताई थीं। इसे मानने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। एक महीने पहले याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ की डिवीजन बेंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव (सीएस) अनुराग जैन और डीजीपी को नोटिस देकर जवाब मांगा था। नोटिस गृह विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग को भी दिए गए। याचिकाकर्ता ओपी यादव ने जबलपुर शहर के सिविल लाइन, लार्डगंज, मदनमहल और विजय नगर थाने में बने मंदिरों की फोटो भी याचिका में लगाई। उन्होंने बताया था कि पुलिस अफसर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं।

## बैडमिंटन खेलने के दौरान जज साहब को आया हार्ट अटैक, नहीं बची जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** जिले के विशेष न्यायाधीश मोहित दीवान का सोमवार की सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया।



वहां मौजूद लोगों ने बताया कि एट्रोसिटी न्यायालय के जज दीवान रोज की तरह सतपुड़ा क्लब में बैडमिंटन खेल रहे थे, इसी दौरान उन्हें अचानक सीने के पास दर्द हुआ और वह जमीन पर गिर गए। वहां मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस से उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जज साहब को कार्डियक अरेस्ट आया था। डॉक्टर ने तत्काल उन्हें सीपीआर भी दिया, लेकिन इसके बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद अधिवक्ता संघ ने शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि छिंदवाड़ा में मौसम बदल रहा है। लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रही है। खासकर सुबह के समय तापमान 4 डिग्री के नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर संत कुमार शर्मा का कहना है कि बर्फीली हवाओं के कारण छिंदवाड़ा में लगातार तापमान में गिरावट देखी जा रही है। इस भयंकर ठंड में भी हार्ट अटैक की संभावना बढ़ने की बात बताई जा रही है।

## 25 दिसंबर को पीएम मोदी करेंगे केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ

◆ तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के ड्रीम प्रोजेक्ट नदी जोड़ो अभियान के तहत पहली बड़ी परियोजना बुंदेलखंड में साकार होने जा रही है। छतरपुर जिले के बिजावर विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम ढोंढ़न में बनने वाले बांध का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को करेंगे। खजुराहो के मेला ग्राउंड में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री इस परियोजना की आधारशिला रखेंगे, जिसके लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

सोमवार की शाम को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से परियोजना की विस्तृत जानकारी पत्रकारों से साझा की। कलेक्टर ने बताय कि 44 हजार 605 करोड़ की कुल लागत से बनने वाली इस परियोजना के प्रथम चरण में 3 हजार 400 करोड़ से बनने वाले ढोंढन बांध के डूब क्षेत्र में आने वाले 14 गांव में भू-अर्जन का काम लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है। पूरी परियोजना के बजट में 90 प्रतिशत हिस्सा केन्द्र सरकार और 10 प्रतिशत हिस्सा मध्यप्रदेश सरकार का होगा।

गौरतलब है कि 22 दिसंबर 2021 को इस परियोजना के लिए बजट स्वीकृत किया गया था। आगामी 6 से 8 वर्षों में परियोजना के पूर्ण होने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर जीएस पटेल ने केन-बेतवा लिंक परियोजना से जुड़ी अन्य जानकारियां भी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा की। इस दौरान एडीएम मिलिंद नागदेवे भी मौजूद रहे।

इस परियोजना के तहत छतरपुर जिले के बिजावर सब डिवीजन में दो पावर हाउस का निर्माण भी किया जाएगा, जो कि 60 और 18 मेगावाट के होंगे। इसके तहत 28 किलोमीटर लंबी कैनाल का निर्माण किया जाएगा, जिसे केन से बेतवा नदी में जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के तहत ढोंढन गांव में 77 मीटर ऊंचा और 2031 मीटर लंबे बांध का निर्माण किया जाएगा। दो टनल भी इसके तहत निर्मित किए जाएंगे, जिनकी लंबाई 1.92 और 1.10 किलोमीटर रहेगी। इनके माध्यम से बांध का पानी वन क्षेत्र के बाहर लाकर नहर में छोड़ा जाएगा।

# प्री-वेडिंग शूट और वीडियोग्राफी के लिए अब ऑनलाइन मिल सकेगी अनुमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश के संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में शूटिंग की अनुमति अब ऑनलाइन मिल सकेगी। इन्हें देखने के लिए टिकट भी अब वाट्सएप और चैटबाट पर मिल जाएंगे। राज्य पुरातत्व विभाग के अधीन आने वाले राज्यभर में स्थित विभिन्न विरासत स्थलों को प्री-वेडिंग शूट, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ड्रोन शूट आदि के लिए काफी पसंद किया जा रहा है। इसके चलते बुकिंग के लिए पूछताछ और अनुमति के लिए आवेदनों में बढ़ोतरी हुई है।**

वर्तमान में संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय इस तरह की अनुमति मैन्युअल आवेदन लेकर देती है। इसमें आवेदन पहले स्थानीय कार्यालय और फिर मुख्यालय आते हैं। इस प्रक्रिया को आसान बनाते हुए संचालनालय द्वारा अनुमति देने के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है।



आयुक्त पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय उर्मिला शुक्ला ने बताया कि ऑनलाइन अनुमति प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट archaeology.mp.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही ऑनलाइन टिकट वाट्सअप चैटबाट नंबर 91-9522840076 से बुक किया जा सकता है। मध्य प्रदेश में प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए कई खूबसूरत और ऐतिहासिक जगहें हैं। यदि आप एक ही स्थान पर नदी, महल, फोर्ट और मंदिर देखना चाहते हैं, तो ओरछा एक बेहतरीन विकल्प है, जहां आप ओरछा फोर्ट, शीश महल और बेतवा नदी के किनारे फोटोशूट करवा सकते हैं। पचमढ़ी हिल स्टेशन भी प्रसिद्ध है, जहां बी फॉल और महादेव हिल्स जैसी जगहों पर बेहतरीन तस्वीरें खींची जा सकती हैं। ग्वालियर, अपने ऐतिहासिक स्थलों जैसे ग्वालियर किला, जय विलास पैलेस और तानसेन मकबरे के लिए भी प्रसिद्ध है। इसके अलावा, शिवपुरी हिल स्टेशन, करेरा पक्षी अभयारण्य, पेशावर घाट, दूध धारा वाटरफॉल्स और तामिया हिल स्टेशन जैसे अन्य स्थल भी प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए आदर्श हैं। मध्य प्रदेश के ये स्थल प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर के अद्भुत संयोजन के कारण आकर्षक फोटोशूट लोकेशंस बनते हैं।

## संपादकीय

# एक देश एक चुनाव सही दिशा में बढ़ता कदम

17 दिसंबर को लोकसभा में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश करने के साथ ही देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने की दिशा में एक कदम और बढ़ जाएगा। हांलाकि सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हांलाकि अभी एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदमों में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है जिस पर सरकार ने अभी गंभीरता नहीं दिखाई है और उसका कारण भी है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। खैर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हो पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा। ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण है। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात ही बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग अलग होने लगे। केवल सहूलियत ही मानलो अन्यथा अलग अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक ही सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैरसरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग अलग चुनाव होने से एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु ही बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। हांलाकि यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर दिसबंर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही अपनी प्राथमिकता भी तय कर पाती है जब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रेल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद ही या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है। इस तरह से एक बात तो साफ हो जाती है कि पांच साल के लिए चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का कमोबेस करीब एक साल का समय तो चुनाव आचार संहिताओं के ही भेंट चढ़ जाता है। यह तो केवल लोकतांत्रिक जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के कार्यों के प्रभावित होने का एक उदाहरण मात्र है।

## Health is Welth

# हेल्दी रहने के लिए हर डॉक्टर देता है ये 5 टिप्स

## नए साल में अपनाकर बदलें जिंदगी

**हर साल दिसंबर के महीने में लोग तरह-तरह के रेजोल्यूशंस बनाते हैं। इनमें सबसे ज्यादा हेल्थ और फिटनेस से जुड़े होते हैं। यहां कुछ ऐसे हेल्थ टिप्स हैं जो साल 2024 में बड़े से बड़े डॉक्टर्स कई पॉडकास्ट्स में बताते रहे हैं। आपको ज्यादा कुछ नहीं करना। हर साल जनरल फीजिशियन की सलाह पर कुछ बेसिक हेल्थ स्क्रीनिंग के साथ रूटीन में बस 5 चीजें शामिल कर लें।**




### वॉक

हार्ट से लेकर लंग्स तक पूरी बॉडी को फिट रखने के सबसे आसान तरीका है वॉक करना। रोजाना बस 35 मिनट वॉक करके आप कई बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं।

### सोना

लोग सोने को हल्के में लेते हैं लेकिन सोते समय आपकी बॉडी का इम्यून सिस्टम एक्टिव होता है और शरीर में रिपेयरिंग का काम चलता है।

### खाना

खाने के लिए सारे डॉक्टर्स और हेल्थ एक्सपर्ट्स ये सलाह देते हैं कि हमें सूरज की रोशनी रहते ही खाना चाहिए। सूर्योदय के बाद खाएं और सूर्यास्त के बाद खाना बंद कर दें। अगर ऐसा नहीं कर पा रहे तो रात और सुबह के खाने में 12 से 14 घंटे का अंतर रखें। इतनी देर फास्टिंग यानी व्रत करना चाहिए।

### हाइड्रेट

सुबह उठने के बाद से लेकर सोने के पहले तक पानी पीते रहना बहुत जरूरी है। पानी पीने के लिए आपको प्यास लगने का इंतजार नहीं करना चाहिए बल्कि थोड़ा-थोड़ा करके पूरे दिन कम से कम 2 लीटर पानी पिएं।

### एक्सरसाइज

उम्र के साथ शरीर की मसल्स कम होने लगती हैं। ये मसल्स शरीर की चोट या बीमारी के वक्त रिकवरी में मदद करती हैं। आपके शरीर में मसल्स और ताकत बनी रहे इसके लिए स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें। हफ्ते में 3 दिन स्ट्रेंथ या रजिस्टेंस ट्रेनिंग, शरीर को अंदर से ताकत देने के लिए योग और प्राणायाम या ब्रीदिंग जरूर करें। कुछ वक्त धूप में जरूर गुजारें इससे डिप्रेशन नहीं होगा और विटामिन डी की कमी नहीं होगी।

Punjab

# बुजुर्ग दंपति ने 44 साल बाद लिया तलाक, पति ने जमीन बेचकर 3 करोड़ में किया समझौता; एक शर्त भी रखी

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** बेंगलुरु के इंजीनियर अतुल सुभाष के पत्नी से बिगड़े रिश्तों में आत्महत्या करने के बीच हरियाणा में तलाक का एक दिलचस्प केस आया है। राज्य के करनाल जिले के एक दंपति ने जीवन के 7वें दशक में तलाक लिया है। दोनों ने अपनी 44 साल पुरानी शादी को तोड़ दिया है और पति ने 3 करोड़ रुपये सेटलमेंट के तौर पर 73 साल की महिला को दिए हैं। जीवन के अंतिम पड़ाव में चल रहे बुजुर्ग दंपति ने 18 साल की कानूनी लड़ाई के बाद अलगाव का फैसला लिया है। 70 साल के पति का कहना था कि उनकी 73 वर्षीय पत्नी मानसिक क्रूरता करती है और वह उससे तंग आ चुके हैं। सेटलमेंट की रकम चुकाने के लिए पति ने



अपनी खेती की जमीन बेच दी और 3 करोड़ रुपये अदा कर दिए। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में दोनों के तलाक पर मुहर लगाई गई। दोनों की 27 अगस्त, 1980 में शादी हुई थी। उनके दो बेटियां और एक बेटा हैं। करीब 25 साल तक यह संबंध अच्छा चला, लेकिन फिर कड़वाहटें पैदा होने लगीं। 8 मई, 2006 का दिन वह था, जब उनके रिश्ते ने अलग ही मोड़ लिया और वे अलग-अलग रहने लगे। इसके बाद पति ने मानसिक क्रूरता का आरोप लगाते हुए 2013 में तलाक का केस फाइल कर दिया था। वहां से अर्जी खारिज हुई तो फिर हाई कोर्ट पहुंचे। यहां 11 साल मुकदमा चलने के बाद उन्हें तलाक मिला है और पत्नी को गुजारे के लिए 3 करोड़ रुपये की रकम देने के बाद वह रिश्ते से अलग हो गए हैं। सेटलमेंट की यह रकम कैश, डिमांड ड्राफ्ट, सोना-चांदी के जरिए दी जाएगी।

Punjab

## जर्मनी में बैठे गैंगस्टर ने आधी रात को पंजाब के पुलिस थाने में कराया धमाका, दहशत में जुटे लोग



**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब के अमृतसर जिले के इस्लामाबाद पुलिस थाने में आज तड़के 3 बजे धमाका हुआ है। इस धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इससे लोगों में दहशत जरूर फैल गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह धमाका तड़के 3 बजे सुना गया। मौके पर ज्यादा पुलिसकर्मी नहीं थे और कोई घायल नहीं हुआ है। जांच के लिए फिलहाल पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। चिंता की बात यह है कि इस धमाके की जिम्मेदारी जर्मनी में बैठे पंजाब के गैंगस्टर जीवन फौजी ने ली है। वहीं पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है कि किसने धमाका कराया और उसका मकसद क्या था।

अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि स्थानीय लोगों ने धमाके की आवाज सुनी। वह लोग दौड़कर पहुंचे भी कि आखिर पुलिस थाने से कैसे ब्लास्ट की आवाज आई है। लेकिन इसमें किसी को कोई चोट या नुकसान नहीं पहुंचा है। बीते कुछ समय में पंजाब के किसी पुलिस थाने या चौकी में ऐसी छठी घटना है। यह पुलिस प्रशासन के लिए भी चिंता की बात है, जहां कि गैंगस्टर धमाके करा रहे हैं और पुलिस के लिए उनको पकड़ना भी मुश्किल हो रहा है। कनाडा, जर्मनी, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में बैठे पंजाब के गैंगस्टर्स यह हिमाकत पुलिस के लिए चिंता का सबब है।

Gujarat

## गुजरात के भावनगर में बस और ट्रक के बीच टक्कर

## छह लोगों की मौत, 10 घायल

**भावनगर (गुजरात), (एजेंसी)** गुजरात के भावनगर जिले में मंगलवार सुबह एक निजी बस और डंपर ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और करीब 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक हर्षद पटेल ने बताया कि हादसा सुबह करीब छह बजे त्रपज गांव के पास हुआ, जब बस भावनगर से महुवा की ओर जा रही थी। बस ने डंपर ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।

अधिकारी ने बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ से 10 अन्य घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि वे खतरे से बाहर हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का दाहिना अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

Uttarpradesh

## संभल में मंदिर के पास अतिक्रमण हटाने का काम शुरू, तोड़े जा रहे हैं मकान

**संभल, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के संभल मंदिर के पीछे स्थित मकान के अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है. इस अतिक्रमण को हटाने के लिए मजदूरों की टीम मकान के अंदर दाखिल हो गई है. इन मकानों के अवैध हिस्सा तोड़े जा रहे हैं. मकानों के बढ़े हुए छज्जे तोड़े जा रहे हैं. इस मकान के कुछ हिस्से को मजदूरों की टीम ध्वस्त कर रही है.

मकान मालिक मतीन ने कहा कि मंदिर के बगल में अवैध निर्माण किया था तो अब तोड़ लिया हूं. मेरा पास इसका नक्शा नहीं था इसलिए तोड़ रहा हूं. प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की पूरी योजना बनाई है. एएसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ मकान के अवैध निर्माण की पहचान की है. अफसरों ने मकान मालिकों से संपत्ति का ब्योरा मांगा है. बता दें कि इससे पहले



एएसपी ने बताया था कि मकान मालिक ने खुद ही अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा है. संभल मंदिर के पीछे अवैध अतिक्रमण में चिह्नित होने वाले मकान मालिक मतीन ने भी आजतक से कहा था कि मकान का अवैध अतिक्रमण हटाने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है. मकान का जो भी हिस्सा आगे निकला हुआ है, उसे हटवाया जाएगा. हमने बच्चों से भी ज्यादा मंदिर का ध्यान रखा है.

खेल

# विश्व चैंपियन गुकेश देश लौटे, चेन्नई एयरपोर्ट पर हजारों फैंस ने किया स्वागत, कहा- फैंस ही मेरी ताकत

**चेन्नई, (एजेंसी) सिंगापुर से विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतकर स्वदेश लौटे डी गुकेश के स्वागत के लिए सोमवार सुबह चेन्नई हवाई अड्डे पर हजारों प्रशंसक एकत्रित हुए। 18 वर्षीय विश्वनाथन आनंद के बाद प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाले गुकेश केवल दूसरे भारतीय बन गए। तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) के अधिकारियों और शहर में शतरंज का प्रमुख केंद्र प्रसिद्ध वेलम्मल विद्यालय के छात्रों ने डी. गुकेश का खास स्वागत किया।**

इस दौरान गुकेश ने कहा, 'मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैं यहां अपने लिए समर्थन देख सकता हूं और देख सकता हूं कि भारत के लिए इस खिताब का क्या मतलब है। आप लोग अद्भुत हैं। आपने ही मुझे बहुत ऊर्जा दी। ट्रॉफी को भारत वापस



लाना बहुत मायने रखता है। इस स्वागत के लिए धन्यवाद। मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में हम एक साथ जश्न मनाते हुए अच्छा समय बिताएंगे।' जैसे ही गुकेश हवाई अड्डे से बाहर निकले, उन्हें माला पहनाई गई और हजारों प्रशंसकों ने घेर लिया। फैंस नए विश्व शतरंज चैंपियन की एक झलक पाने के लिए उत्सुक थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अधिकारी भी इस युवा चैंपियन को बधाई देने के लिए उपस्थित थे।

इस जश्न में छात्रों ने युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर को सम्मानित करने के लिए बैनर पकड़े हुए थे। एसडीएटी के अधिकारियों ने गुकेश को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में शॉल भेंट की। विश्व चैंपियन को उनके आवास तक ले जाने के लिए हवाई अड्डे पर विशेष रूप से डिजाइन की गई एक कार तैनात की गई थी, जिसमें गुकेश की तस्वीरें और टैगलाइन '18 एट 18' थी। दरअसल, गुकेश वर्ग शतरंज में 18वें निर्विवाद विश्व चैंपियन बने हैं। उन्होंने सिंगापुर में 14 मैचों के विश्व चैम्पियनशिप मैच में चीन के डिंग लिरेन को हराया। गुकेश ने सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनने के लिए महान गैरी कास्परोव का रिकॉर्ड तोड़ा था।

सोमवार शाम गुकेश मीडिया से बात करते दिख सकते हैं। मंगलवार को वल्लाहजाह रोड पर कलैवनार अरंगम में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा और उन्हें एक विशेष रूप से आयोजित परेड में प्रतिष्ठित सभागार में ले जाया जाएगा। गुकेश को पांच करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा। इस समारोह के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के उपस्थित रहने की उम्मीद है।

महान विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश विश्व खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। आनंद ने अपनी अकादमी में युवाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है।

सिनेमा

## 'पुष्पा' में Kissik कर लाइमलाइट लूट रहीं श्रीलीला, डॉक्टरी छोड़ बनीं एक्ट्रेस, अनाथ बच्चों को लिया गोद!



फिल्म पुष्पा 2 में जहां अल्लू अर्जुन ने अपनी पावरपैक्ड परफॉर्मेंस से फैंस के होश उड़ाए हैं. वहीं श्रीलीला ने आइटम सॉन्ग Kissik में लटके झटके दिखाकर लोगों को दीवाना किया हुआ है. उनके सेंसुअश अंदाज ने फैंस को क्रेजी कर रखा है. फिल्म से वो लाइमलाइट में बनी हुई हैं. अल्लू अर्जुन संग उनकी केमिस्ट्री को काफी पसंद किया जा रहा है. हर कोई श्रीलाला के बारे में और ज्यादा जानना चाहता है. तो चलिए देरी किस बात की है. इस रिपोर्ट में बताते हैं श्रीलीला के बारे में... एक्ट्रेस अमेरिकी मूल की हैं. 14 जून 2001 को डेट्रायट, अमेरिका में उनका जन्म तेलुगू परिवार में हुआ था. बाद में वो अपने पेरेंट्स संग बेंगलुरु मूव हुईं और यहीं पली बढ़ीं. श्रीलीला के पिता सुरपानेनी शुभकर राव एक बिजनेसमैन हैं और मां पेशे से गायनोकॉलोजिस्ट हैं, रिपोर्ट्स के मुताबिक, पति शुभकर राव से अलग होने के बाद उनकी मां ने श्रीलीला को जन्म दिया था. एक्ट्रेस को बचपन से डांस का शौक था. वो ट्रेन्ड भरतनाट्यम डांसर हैं. बचपन से श्रीलीला अपनी मां की तरह डॉक्टर बनना चाहती थीं. मगर MBBS की डिग्री के दौरान उन्हें 2017 में पहला एक्टिंग जॉब ऑफर हुआ था. फिल्म इंडस्ट्री में एक्ट्रेस ने मूवी चित्रांगदा से डेब्यू किया था.

## Highlights

1. Jai Shree Ram not communal, we've no existence without Ram: Yogi
2. Atul Subhash's wife Nikita's uncle gets pre-arrest bail in his suicide case
3. DU law students protest, demand 10-day exam extension
4. Sambhal mosques are operating illegal power stations: CM Yogi
5. Man says driver inflated bill by ₹1,000 for 'extra GST' using Uber app replica in B'luru

# Delhi's Mukhyamantri Mahila Samman Yojana: Who are eligible? When to register?



**NEW DEIHI, (Agency).** The Aam Aadmi Party (AAP)-led Delhi government rolled out the Mukhyamantri Mahila Samman Yojana recently, ahead of the Delhi assembly polls which are likely to be held in February.

Under the scheme, announced in February's Delhi Budget, the government will provide a monthly financial assistance of ₹1,000 to eligible female residents of the national capital. It has promised to hike the amount to ₹2,100 per month if re-elected to office.

Eligibility criteria

A female resident of Delhi who has a voter ID with a Delhi address, should be at least years old as on December 12, 2024 (date of notification of the scheme) to apply. However, they are not eligible if:

(1.) They are beneficiaries of the government's social security programmes

(2.) They paid income tax during the previous assessment cycle

(3.) They are government employees (Centre/state/local)

(4.) They were a public representative (MP/MLA/council member)

**Documents required**

Aadhaar card, voter ID card (with Delhi address) and any document (PAN card, birth certificate, secondary high school certificate) showing age of 18 or above as on December 12, 2024.

**When to register?**

At a press conference on December 13, chief minister Atishi said the registration will begin "in the next 10-15 days." The application process will be online and is likely to be available on the government's edistrict website.

# Ronnie Screwvala interview: AI will help entrepreneurs save time, unlock more value

**NEW DEIHI, (Agency).** Billionaire investor Ronnie Screwvala, who is the co-founder of online learning unicorn upGrad besides being a highly successful film producer, talks to us about his artificial intelligence (AI) bets. He foresees AI playing a key role in India's online education sector in the future while also boosting the entrepreneurial ecosystem. He also warns against the trend of



CEOs trying to fit in by doing short AI courses as a 'top-up' without deeply understanding the concept. Excerpts:

There's so much focus on AI these days in India and it's playing on the minds of parents, students, job seekers and the corporate head honchos. Everyone wants to pet it but no one is sure what's in it for them.

AI cannot be singled out in the development of a country. In India there's so much going on in the electric vehicle (EV) industry, semiconductors, renewables and in medical devices. AI is one of those happening sectors. On a macro basis for the government, it can be an incredible enabler to use AI to administer services, for data collection etc.

But what I can say is that AI will augment learning. It can generate and extract better case studies than probably Harvard. It will also play a supplementary role in formal education. It will also make you job ready by telling you what gaps need to be filled for you to fit into the market.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक